कार्यालय–जिला कार्यक्रम अधिकारी, रायबरेली।

पत्रांकः C-921 / जि0का0अधि0 / पोषण ट्रैकर / 2022–23 दिनांक–14-7-2022

समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी,
जनपद–रायबरेली।

आज दिनांक 14.07.2022 को पोषण ट्रैकर पर अनुपूरक पुष्टाहार फीडिग की स्थिति की समीक्षा की गयी है, जिसमें जनपद में 6 माह से 3 वर्ष के 3.17% बच्चे, 3 वर्ष से 6 वर्ष के 1.25% बच्चे, गर्भवती 9.04% तथा धात्री माताओं का 8.86% पुष्टाहार वितरण की फीडिग पायी गयी है। इस सम्बन्ध में कतिपय बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि छोटे बच्चो का आधार न होने के कारण अनुपूरक पुष्टाहार/टी0एच0आर0 की फीडिग सम्भव नही हो पा रही है परन्तु गर्भवती एवं धात्री माताओ के अनुपूरक पुष्टाहार वितरण की फीडिग कम होने के सम्बन्ध में कोई सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका, जबकि अधिकांश गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वयं के आधार फीड करने में कोई समस्या नहीं होगी।

अतः आप समस्त को निर्देशित किया जाता है कि गर्भवती/धात्री माताओं के शत प्रतिशत आधार फीडिंग एवं पुष्टाहार वितरण फीडिग अनिवार्य रूप से पोषण ट्रैकर पर सुनिश्चित कराया जाए तथा कम फीडिग करने वाली आगंनबाडी कार्यकत्रियों तथा सम्बन्धित मुख्य सेविका के विरूद्व कठोर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। अवशेष लाभार्थी बच्चो का आधार शीघ्र बनाये जाने हेतु सम्बन्धित अभिभावकों को मुख्य सेविका व आगंनबाडी कार्यकत्री के माध्यम से सूचित/प्रेरित कराये। एक सप्ताह के अन्दर प्रगति सन्तोषजनक न होने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

14/7/22

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
रायबरेली।

पृष्ठांकन सं0: / तददिनांक
प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया, रायबरेली।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय रायबरेली।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
रायबरेली।